हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 दिसंबर 2025

04 नई व्यवस्था ने बढाई गैस उपभोक्ताओं की परेशानियां



08 प्रशासनिक मान मनौव्वल का भी अपेक्षित असर नहीं...





## खबर संक्षेप

### 2 हजार 386 किसानों ने कराया पंजीयन

**नर्मदापुरम।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। धान पंजीयन की अवधि 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित की गई थी, जबकि उपार्जन अवधि 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक है। जिले में कुल 2,24,099.91 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बुवाई की गई है। पंजीयन कार्य हेतु 30 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए, जिनके माध्यम से कुल 32,388 किसानों का पंजीयन किया गया। इनमें से कुल पंजीकृत रकबा 91,693.89 हेक्टेयर रहा, जबकि 2,386 किसानों ने विभिन्न माध्यमों से पंजीयन कराया।

### अधिवक्ता संघ के चुनाव में 21 को होगा मतदान

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र में तहसील अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न होने को लेकर तैयारियां जोरों पर है। नामांकन पत्र दाखिल किए जा चुके हैं। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए लगभग 4लोगो ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। वहीं सदस्य के लिए लगभग 9 अधिवकता शामिल है। जिनके लिए मतदान 21 दिसंबर को होगा।

#### प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव मध्य प्रदेश ने सोमवार को जारी किया उक्त आदेश का पत्र

# एसटीआर के कोर हैबिटेट की टूरिज्म जोन में मोबाइल के उपयोग पर 'रोक'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एवं मुख्य वन्य जीव अभिरक्षक मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा 15 दिसंबर 2025 को आदेश का पत्र क्रमांक 10484 जारी किया गया है। यह पत्र मध्य प्रदेश के समस्त एसटीआर क्षेत्र संचालकों को संबोधित करते हुए प्रेषित किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव मध्य प्रदेश भोपाल शुभरंजन सेन द्वारा प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि टाइगर रिजर्व के अंतर्गत पर्यटन क्षेत्र में मोबाइल फोन का उपयोग न किया जाए। पत्र में उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा पारित आदेश दिनांक 17 नवंबर का संदर्भ भी उल्लेखित है। पत्र के अनुसार उच्चतम न्यायालय के आदेश के परिपेक्ष्य में लेख है कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा 17 दिसंबर को एक जजमेंट पारित किया है।

एसटीआर सहित मप्र के सभी टाइगर रिजर्व्स में अब मोबाइल के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। प्रतिबंध टाइगर रिजर्व के कोर हैबिटेट अंतर्गत आने वाली टूरिस्ट जोन में लागू किया गया है।



#### ग्रामीण अंचलों में भय व्याप्त

जजमेंट के बिंदु क्रमांक 48.5 में उल्लेख है कि टाइगर रिजर्व के कोर हैबिटेट की टूरिज्म जोन में मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति न दी जाए। अतः समस्त टाइगर रिजर्व्स के क्षेत्र संचालक उच्चतम न्यायालय के निर्देश का पालन कर तत्काल प्रभाव से नियम लागू करें कि कोर क्षेत्र की टूरिज्म जोन में मोबाइल फोन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा।

#### होती थी पब्लिसिटी



सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में आने वाले पर्यटक मोबाइल फोन से लिये गए बाघ, तेंदुआ व अन्य वन्यजीवों के चित्र सोशल मीडिया पर साझा करते हैं तथा स्वयं के पास भ्रमण की याद के रूप में सुरक्षित रखते हैं। वहीं गाइड्स भी अपने निजी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मोबाइल से ली गई वन्यजीवों की तस्वीरों को साझा करते हैं। साथ ही अपना मोबाइल नंबर भी साझा करते हैं, जिससे पर्यटकों की उन तक अप्रोच आसान होती है। लेकिन अब प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव के पत्र के बाद इन सभी गतिविधियों पर विराम लग जाएगा।

#### भेजी प्रतिलिपियां

प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव मध्य प्रदेश भोपाल शुभरंजन सेन द्वारा पत्र की प्रतिलिपियां राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली के सदस्य सचिव को भी प्रेषित किया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश शासन वन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के सचिव को भी उक्त पत्र की प्रति भेजी गई है। पत्र मिलने के बाद सभी टाइगर रिजर्व में इसके परिपालन में मैदानी कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। बताया जाता है कि कोर एरिया में नियम पालश शुरू कयाया जा रहा है।

## नागरिकों ने सड़क पर भटकते बालक को पहुंचाया थाने



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिवस लगभग 10 वर्षीय एक बालक रेवा बनखेड़ी रोड पर भटक रहा था। पुलिस के अनुसार बालक घर से दूर निकलकर भटक गया था। रेवा बनखेड़ी से सोहागपुर आ रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़ायि, भाजपा नेता रामबाबू रघुवंशी, अधिवक्ता शंकरलाल मालवीय ने बालक को सड़क पर अकेले घूमते देखा तो समझ गए कि वह राह भटक गया है। सभी ने बालक को पुलिस के हवाले किया। पुलिस के अनुसार बालक सोहागपुर थाना क्षेत्र के ही एक गांव का निवासी है तथा उसके परिजनों को बुलाकर सौंपा गया है। तथा परिजनों को हिदायत दी गई है कि बच्चों को ऐसा ना छोड़ें एवं विशेष ध्यान दें। इस स्थिति में छोटे बच्चों के साथ घटना दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### जनसुनवाई में 110 आवेदनों का हुआ निराकरण

**नर्मदापुरम।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 110 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नर्मदापुरम राजीव रंजन पांडे एवं अनिल जैन, सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

## सांसद ने रेलवे ओवरब्रिज की जर्जर स्थिति पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा में मंगलवार को सांसद माया नारोलिया ने शून्य काल के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग46 पर स्थित इटारसी-नर्मदापुरम रेलवे ओवरब्रिज की अत्यंत जर्जर एवं असुरक्षित" स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हालिया निरीक्षण में पुल के बड़े हिस्से में क्षति, साइड वॉल पर गहरी दरारें और कंक्रीट की परतदरपरत झड़ने की समस्या पाई गई है। सांसद ने बताया कि 28 करोड़ रुपये की इस परियोजना को ठेकेदार कंपनी ने कुछ रेलवे एवं विभागीय अधिकारियों के सहयोग से निष्पादित किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कार्य में "घोर लापरवाही, घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग और बुनियादी इंजीनियरिंग मानकों की अनदेखी" हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा बारबार शिकायत किए जाने के बावजूद पुल प्रतिदिन हजारों यात्रियों के लिए सीधा खतरा बना हुआ है। नारोलिया ने कहा कि पहले दी गई चेतावनियों को लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया और बाद में की गई जांच में "भ्रामक एवं तथ्यहीन जवाब प्रस्तुत किए गए।

## ग्राम पंचायत रामपुर में सरपंच चुनाव के लिए जमा हुए 2 नामांकन, 29 दिसंबर को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर में विगत दिनों सरपंच हटने के बाद 6 माह के लिए पंच रजनी पति राकेश रघुवंशी को सरपंच नियुक्त किया गया था। जिसमें 6माह की सरपंच ने अनेक विकास कार्य कराए गए हैं लेकिन उसके बाद भी अब उप चुनाव संपन्न होने जा रहें हैं।

लेकिन सरपंच ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। उपचुनाव में 2 नामाकन जमा हुए थे। अंतिम दिनांक को 2 नामाकन जमा हुए सामान्य महिला वर्ग होने पर विनिता पति रामगोपाल रघुवंशी ने अपना नामांकन दाखिल किया तो दूसरी तरफ आ,जा,जाति से जयवंती पति उतम सिंह धुर्वे नेभी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया है।



निर्वाचन अधिकारी वैभव बैरागी को सौंपा गया जयवंतीपति उतम सिंह धुर्वे के द्वारा इस दौरान अवधेश रघुवंशी,मधु तिवारी विनय शर्मा ने नामांकन पत्र भरा तथा अन्य सभी कार्यवाही की है। मतदान 29 दिसंबर को होगा लगभग 1500 मतदाता है। धुर्वे के वार्ड में ही लगभग 450 मतदाता है। शेष मतदाता रघुवंशी सहित अन्य वर्ग के भी शामिल हैं।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत बाल विवाह रोकने के लिए छात्राओं को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को भारत से मिटाने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत स्कूल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा ने स्कूल की छात्राओं को कम आयु में विवाह होने से बेटे- बेटियों को होने वाले शारीरिक मानसिक नुकसान के विषय में बताया और अपनी जागरूकता से अपने घर के



आसपास होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए महिला बाल विकास ग्राम पंचायत आंगनबाड़ी पुलिस चौकी के अधिकारियों को सूचित करने के लिए बताया एवं बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद के प्राचार्य संतोष कुमार ठाकुर बी आर सी राकेश रघुवंशी प्रेरक अजय सिंह राजपूत स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय कस्तूरबा कन्या छात्रावास की छात्राएं उपस्थित थी।

## अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर महोत्सव में सम्मानित हुए सोहागपुर के उन्नत किसान सुभाष पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अंतर्राष्ट्रीय गुर्जर महोत्सव का आयोजन गत दिनों दिल्ली में किया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समाजोत्थान एवं जन कल्याणकारी कार्य को करने वाली गुर्जर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान सोहागपुर क्षेत्र में प्राकृतिक एवं उन्नत खेती करने वाले तथा इन संदर्भों के विशेषज्ञ व प्रशिक्षक सुभाष पटेल निवासी शहर सोहागपुर का भी सम्मान किया गया।

सुभाष पटेल ने बताया कि सम्मेलन में गुर्जर समाज के वैश्विक स्तर पर कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सभी के



साथ भेंटकर भविष्य में उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त हुई है। सुभाष पटेल ने अपने उद्बोधन में गुर्जर समाज के युवा वर्ग को स्वस्थ अनाज फल और सब्जी उत्पादन एवं रसायन मुक्त खेती करने का मार्गदर्शन दिया।

इस अंतरराष्ट्रीय गुर्जर महोत्सव कार्यक्रम में राधा कृष्ण मंच प्रदेश अध्यक्ष विष्णु पटेल तथा अन्य स्थानीय सामाजिक नागरिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रोजगार मेला आज, देश की प्रतिष्ठित कंपनियां होंगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखन लाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में रोजगार विभाग, सूक्ष्म लघु और मध्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज प्रातः 11:00 बजे रोजगार मेला का शुभारंभ किया जाएगा। इस रोजगार मेले में मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों की विभिन्न कंपनियां उपस्थिति रहेगी जो रोजगार के इच्छुक पंजीकृत विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी । महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉक्टर राजकुमार पटवा ने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 600 अभ्यर्थियों ने अपने अपने पंजीयन करा लिए हैं, । महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे ने बताया कि इस रोजगार मेले में वर्धमान ( बुधनी) ट्राइडेंट (बुधनी)प्लेसमेंट ,यशस्वी अकैडमी , गोकुलदास एक्सपोर्ट आइ सी आइ सी बैंक ,एक्सिस बैंक, भास्कर लिमिटेड ,Niit लिमिटेड गुड़गांव, सिक्योरिटी गार्ड पुणे सहित मध्य प्रदेश की अन्य नामी कंपनियां सहित लगभग 20 कंपनियां उपस्थित रहेंगी। प्राचार्य ने माखन नगर सहित आसपास के समस्त नगरीय क्षेत्र, कस्बा के विद्यार्थियों को मेला में उपस्थित होकर कंपनियां कंपनियों को समझ कर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु आमंत्रित किया है, एवं रोजगार मेला स्थल पर भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## समस्याओं को लेकर रेल एजीएम से मिला नागरिक संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जबलपुर में रेलवे के अपर महा प्रबंधक से भेंट की। इस दौरान समिति ने सोहागपुर में रेलवे सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग की है। अधिकारी प्रमोद कुमार खत्री से भेंट के दौरान नागरिक संघर्ष समिति संयोजक शिवकुमार पटेल ने कहा कि सोहागपुर व बनखेड़ी रेलवे स्टेशन पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के मध्य कोई भी यात्री ट्रेन उपलब्ध नहीं है। इस समय में या तो किसी ट्रेन का स्टॉपेज किया जाए या फिर ट्रेनों के समय में परिवर्तन किया जाए। पटेल ने बताया कि वर्ष 1986-



87 से नगर में रेलवे संपार गेट पर ओवरब्रिज या अंडरब्रिज बनाये जाने की मांग भी की गई है। सोहागपुर के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन कोच की जानकारी के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाने, प्लेटफॉर्मों की ऊंचाई बढ़ाने, यात्री सुविधाएं बढ़ाने हेतु टीनशेड बनाने आदि समस्याओं के निराकरण की भी मांग की गई है। साथ ही इंटरसिटी एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, महानगरी एक्सप्रेस, संघमित्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के स्टॉपेज की मांग की गई है। अतः अंडरब्रिज स्वीकृत करने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से अपर महाप्रबंधक के समक्ष रखी गई है। प्रतिनिधि मंडल में समिति संयोजक शिवकुमार पटेल अल्ताफ खान, नोशीन खान, शुभम गुर्जर, विकास सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।

## प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल में लगा विज्ञान मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन से हुआ। छात्र-छात्राओं ने विज्ञान मेले में अद्भुत कलाकारी का प्रदर्शन किया । ब्रह्मांड के अजूबों का अनावरण, नवाचार और ज्ञानवर्धन, विज्ञान का भविष्य, अज्ञात की खोज तथा विज्ञान के माध्यम से एक यात्रा आदि विषयों पर अनेक मॉडल तैयार किए गए। इस मेले में कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें कक्षा पहली से- यशवी चौहान तनिष्का यादव वंदना जाटव ने जर्म एक्सपरिमेंट किया। बंदिनी रघुवंशी, गीतांश रघुवंशी, महक, संयम ,पीहू सेन कक्षा दूसरी- से निमिषा, श्रेया ,अमोहा, मौली ने नींबू नमक पानी के साथ आदि अनेक प्रयोग कर सबको चकित कर दिया।

सभी छात्र-छात्राओं की कलाकारी को देखते हुए विद्यालय की संचालिका समर्पिता सोनी ने कहा कि विज्ञान मेले का मुख्य उद्देश्य छात्रों और आम जनता में वैज्ञानिक रुचि जगाना, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देना, उन्हें व्यावहारिक अनुभव देना और विज्ञान प्रौद्योगिकी और समाज के बीच संबंध को समझाना है। जिसमें वह अपनी प्रतिभा को दिखा सके और नई चीजें सीख सकें। विज्ञान मेले की सभी गतिविधियों का मार्गदर्शन कौशिकी दुबे, भूमिका चौरे, निधि मालवीय, नेहा ठाकुर, प्रियंका जोशी, राहुल अग्रवाल, सुधा सराठे , प्रिया चौरे, रीना गौर, मेघा ठाकुर, मुस्कान चौधरी, कामाक्षी दुबे आदि शामिल रहे।

#### शासकीय महाविद्यालय में जागरूकता पखवाड़े का हुआ समापन

## एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना युवाओं का नैतिक कर्तव्यः डॉ एस.शेखर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय में 'रेड रिबन क्लब' के तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय एचआईवी, एड्स जन-जागरूकता पखवाड़े का भव्य समापन हुआ। 1 दिसंबर से प्रारंभ हुए इस अभियान के समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस. शेखर ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सत्य प्रकाश पटेल एवं डॉ. शफिया जहरा उपस्थित रहे।

#### जागरूकता ही बचाव का उपाय

मुख्य अतिथि डॉ. एस. शेखर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना युवाओं का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाएं। विशिष्ट अतिथियों ने भी एचआईवी संक्रमण के कारणों और उससे बचाव



के वैज्ञानिक तरीकों पर प्रकाश डालते हुए समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।

#### प्रतिभाशाली छात्र हुए पुरस्कृत

पखवाड़े के दौरान महाविद्यालय में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

#### विजेता प्रतिभागी

पुरस्कृत विद्यार्थियों में तनीषा, सनवती, रितिका अहिरवार, रश्मि केवट, क्रिस्टीना पीटर, रागिनी अहाके, महक और गरिमा टिकार रहीं। वहीं आयोजन में रंगोली, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, निबंध लेखन, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

#### भविष्य की कार्ययोजना

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. प्रफुल्ल कुमार टेंभरेकर ने किया। उन्होंने बताया कि आगामी समय में भी रक्तदान शिविर और जन-जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पुलिस ने किसानों को किया जागरूक

**पिपरिया।** क्षेत्र की कृषि उपज मंडी परिसर में पुलिस-प्रशासन के द्वारा किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया है। जिसमें किसानों को धोखाधड़ी से सुरक्षित तथा लूटपाट से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पुलिसके द्वारा माइकसे उद्घोष करते हुए किसानों को जागरूक करने का प्रयास कियाहै। किसानों को अनजान व्यक्ति की बातों में तुरंत विश्वास न करने की चेतावनी दी क्योंकि ऐसेलोग बातों में उलझाकर नगदी चुरा सकते हैं। पैसा लेकर सुनसान जगह से नहीं जाने की सलाह दी जाती है। तथा मंगलवारा थाने प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने अपने मोबाइल नंबर भी दिया गया है। इस दौरान मंडी सचिव चंद्र शिवराम उईके को भी ध्यान रखने जागरूक करने की सलाह दी है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**शाहपुर।** बिजली मेंटनेंस के कारण आज तीन घंटे बिजली बंद रहेगी। मध्यप्रदेश विद्युत विभाग शाहपुर के अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि 33 केवी जोगली सप्लाई के मेंटेनेंस के लिए 17 दिसंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक शाहपुर की 33 केवी बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी। शाहपुर क्षेत्र के चार फीडर सोहागपुर धाना फीडर, सिलपटी फीडर, भयावाड़ी फीडर, पलास पानी फीडर की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### मजदूर की महाराष्ट्र में संदिग्ध हालात में मौत

**बैतूल।** जिले के चुनालोमा गांव के रहने वाले 36 वर्षीय युवक की महाराष्ट्र के औरंगाबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह वहां टेंट का काम करता था। मंगलवार तडके 3 बजे उसका शव एंबुलेंस से बैतूल लाया गया। यहां जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मृतक हेमंत (36) पिता साहबलाल पिछले चार महीने से औरंगाबाद में टेंट लगाने का काम कर रहा था। उसके साथ गांव और आसपास के 16-17 अन्य लोग भी गए थे। साथियों ने बताया कि हेमंत कमरे में अचेत मिला था। इसके बाद उसे गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हेमंत की मौत को स्वाभाविक नहीं, बल्कि हत्या बताया है। उनका आरोप है कि पेमेंट को लेकर हेमंत को धमकियां मिल रही थीं। उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं, जिससे मारपीट की आशंका है। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल पुलिस चौकी मामले की प्राथमिक जांच कर रही है।

## समस्या: ओटीपी बिना नहीं मिल रहा सिलेंडर

# नई व्यवस्था ने बढाई गैस उपभोक्ताओं की परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

घरेलू गैस वितरण व्यवस्था में ओटीपी-आधारित डिलेवरी प्रणाली ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है, क्योंकि कई उपभोक्ताओं ने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है या सिम बंद हो गई है। ऐसे में बिना ओटीपी सिलेंडर नहीं ले पा रहे हैं। खासतौर पर वे लोग जो ई-केवाईसी नहीं करा पाए हैं, उन्हें लगातार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। दरअसल पेट्रोलियम मंत्रालय ने एलपीजी उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य कर दिया है। इसका उद्देश्य यह है कि उपभोक्ता की सही पहचान करने के साथ गैस वितरण प्रणाली को प्रभावी और पारदर्शी बनाया जा सके और गैस सिलेंडर पर दी जा रही सब्सिडी पात्र उपभोक्ता तक पहुंचे। लेकिन अभी तक जिले में ऐसे हजारों गैस उपभोक्ता है, जिन्होंने ई-केवायसी नहीं कराई है। ऐसे में अगर इन गैस उपभोक्ताओं ने समय रहते ई-केवायसी नहीं कराई तो गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने से वंचित होना पड़ सकता है। बता दे कि जिले में 3 लाख 48 हजार गैस कनेक्शनधारी हैं और जिन लोगों ने ई-केवायसी नहीं कराई है, उन्हें मिलने वाली सभी प्रकार की सब्सिडी बंद हो सकती हैं। इतना ही नहीं उपभोक्ता का कनेक्शन ब्लॉक भी हो सकता है।



### जिले में करीब 2 लाख 10 उज्जवला योजना के लाभार्थी

जिले में कुल 3.48 लाख गैस उपभोक्ता है, जिनमें से 2 लाख 10 हजार उज्जवला योजना के लाभार्थी है। यह वही वर्ग है जो आर्थिक रूप से सबसे कमजोर माना जाता है, लेकिन अब इन्हीं पर नए नियमों का सबसे ज्यादा असर पड़ा है। केवाईसी अनिवार्य होने के बाद बड़ी संख्या में ऐसे उपभोक्ता सामने आ रहे है, जिनका मोबाइल नंबर बदल गया है। नतीजा न तो ओटीपी मिल पा रहा है और न ई-केवाईसी हो रही है। सिलेंडर के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब पेट्रोलियम कंपनियों ने सिलेंडर की डिलेवरी को पूरी तरह बुकिंग और ओटीपी से जोड़ दिया। पहले लोग एजेंसी या डिलेवरी बॉय से सीधे सिलेंडर से भी लेते है, लेकिन अब यह बिल्कुल संभव नहीं है।

### गैस एजेंसी पर लग रही उपभोक्ताओं की कतारें

एजेंसी संचालक भी इस नई व्यवस्था से दबाव में है। 3.48 उपभोक्ताओं की ई केवायसी कराना एक बड़ा काम है, जबकि अब तक केवल आधे उपभोक्ताओं का ही सत्यापन हो पाया है। एजेंसित्र्यों ने कर्मचारियों को अलग से नियुक्त तक करना पड़ा, लेकिन फिर भी प्रक्रिया धीमी ही चल रही है। हर दिन उपभोक्ताओं की लंबी कतारें दस्तावेजों की कमी, नंबर बदलने की समस्या और ओटीपी न आने जैसी शिकायतें आम हो गई है। इधर सिलेंडर नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। एचपी गैस एजेंसी सोनाघाटी के श्री साबले ने बताया कि ई-केवायसी का कार्य चल रहा है। जिन उपभोक्ताओं की ई-केवायसी नहीं हुई है, वह ई-केवायसी करावा सकते है। जिन्हें नंबर बदलना है, वह भी गैस एजेंसी पर पहुंचकर नंबर बदल सकते है।

### *ई-केवायसी नहीं होने पर सब्सिडी होगी बंद*

*बताया जा रहा है कि ई-केवाईसी नहीं होने पर सब्सिडी बंद हो जाएगी। यानि सरकार द्वारा दी जाने वाली राहत भी अब उन्हीं के लिए कठिन हो गई है, जो पहले से आर्थिक बोझ से जूझ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पारदर्शिता के नाम पर बनाई गई यह व्यवस्था व्यावहारिक नहीं है। जिससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमी अलग समस्या है। कुल मिलाकर, सिलेंडर डिलेवरी की नई व्यवस्था ने उपभोक्ताओं की समस्याएं कम करने के बजाय बढ़ा दी है। गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले गैस सिलेंडर बुक कर देते थे और गैस मिल जाती थी, लेकिन अब ओटीपी बताये बिना गैस एजेंसी के कर्मचारी सिलेंडर नहीं दे रहे है। जिससे उन्हें परेशान होना पड़ रहा है।*

### *ई-केवायसी अनिवार्य है*

*जिले में 3.48 लाख गैस उपभोक्ता है। इनमें 2.10 लाख उपभोक्ता उज्जवला योजना के है। सभी को ई-केवायसी करना अनिवार्य है। कितने हितग्राहियों की ई-केवायसी हुई हैं यह मैं देखकर ही बता पाऊंगा।*

*- **केके ठेकाम**, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी बैतूल*

## पावरलिफ्टिंग में जीता पदक

# बैतूल के कौशिक मेहरा ने जिले का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



जिले के होनहार खिलाड़ी कौशिक मेहरा ने पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का गौरव बढ़ाया है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता धार जिले के बदनावर में आयोजित की गई थी, जिसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

चैंपियनशिप में बैतूल जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कौशिक मेहरा ने पावरलिफ्टिंग एवं डेडलिफ्ट स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने डेडलिफ्ट स्पर्धा में 260 किलोग्राम वजन उठाकर स्ट्रॉन्गेस्ट मैन का खिताब हासिल किया। वहीं पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में कुल 650 किलोग्राम वजन उठाकर उन्होंने एक बार फिर स्ट्रॉन्गेस्ट मैन (पावरलिफ्टिंग) का खिताब अपने नाम किया। कौशिक मेहरा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे बैतूल जिले में हर्ष का माहौल है। खेल प्रेमियों, परिजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने उन्हें इस शानदार सफलता पर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कौशिक मेहरा ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार एवं आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल तथा विद्यालय की निदेशक ऋतु खंडेलवाल को दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय से मिले अनुशासन, प्रोत्साहन और मार्गदर्शन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है।

## कलेक्टर ने तैयारियों का किया निरीक्षण



**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जिले के पुलिस ग्राउंड में 23 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रस्तावित इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पुलिस ग्राउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्य अतिथि के आगमन व्यवस्था, मंच निर्माण, विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी, लोगों की बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, एसडीएम अभिजीत सिंह, एसडीओपी सुनील लाटा सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहें।

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक करें निराकरण: कलेक्टर

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में झल्लार निवासी श्री रामसिंह किराड़ ने आवेदन के माध्यम से अपनी कृषि भूमि पर हुए अतिक्रमण की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एसडीएम और नायब तहसीलदार झल्लार को आवेदन की मौका जांच कर समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में किए जाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में मुलताई के भगत सिंह वार्ड निवासी अजाबराव ने प्लॉट पर नाली निर्माण होने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई सीएमओ को आवेदक के प्लॉट पर नाली निर्माण होने संबंधी समस्या की विस्तृत जांच कर निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल जनपद के ग्राम गोराखार की जगंता उईके ने अपनी भूमि पर पीएम आवास नहीं बनाने देने के संबंध में अपनी समस्या कलेक्टर सूर्यवंशी को बताई, जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ बैतूल को आवेदिका की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

### पीएम आवास के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए आवेदन

जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम गौला निवासी वि_लराव हुरमाडे सहित अन्य किसानों ने आवेदन के माध्यम से पारसडोह जलाशय का चक क्रमांक 106 में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत करते हुए उक्त चक को मुख्य पाइप से जोडऩे की मांग की, ताकि किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सकें। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को मौका स्थल का निरीक्षण कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील निवासी किरण प्रजापति ने आवेदन के माध्यम से भूमि उपलब्ध कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

# दौरे को लेकर लाखों किए बर्बाद रेलकर्मियों के परिवारों ने डीआरएम को घेरा, बोले-नही मिलता शुद्ध पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

इस माह 24 दिसंबर को रेलवे के जीएम का आमला रेलवे में दौरा होना है, ऐसे में बीते कई दिनों से समूचे आमला रेलवे को चमकाने का काम व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। यहां जिस ढंग से केवल जीएम को दिखाने के लिए लाखों रुपए की अनावश्यक बर्बादी की जा रही है, उसको लेकर शुरू से ही यहां सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल अमृत भारत योजना के तहत बीते 2 वर्षों से लगभग 35 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, ऐसे में इन निर्माणाधीन स्थलों पर किए जा रहे रंगरोगन, सडक़ बनाने के कार्यों पर जानकार सवाल उठा रहे हैं। सोमवार को नागपुर डिवीजन के डीआरएम नायक गर्ग ने आमला का दौरा किया था। जिनका रेल कर्मियों के कुछ परिवारों ने घेराव कर अपनी समस्याएं बताई। जब रेलवे जीएम के दौरे से पूर्व नागपुर डिवीजन के डीआरएम नायक गर्ग यहां तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे, उस दौरान रेल कर्मियों के परिवारों ने डीआरएम के सामने अपनी नाराजी जताते हुए कई मूलभूत सुविधाओं की कमी और शुद्ध पीने का पानी तक नहीं मिलने की बात डीआरएम को बताई है। जिस पर डीआरएम ने स्थानीय आईओडब्लू विभाग को फटकार लगाते हुए कहा है, कि जल्द ही व्यवस्था सुधार दी जाएगी। इधर कई बार स्थानीय आईओडब्लू लक्ष्मण कुमार से बात करने की कोशिश की, किंतु हर बार मीटिंग में होने का हवाला देकर वह जवाब देने से बचते रहे।

# मुख्यमंत्री के बैतूल प्रस्तावित आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग की बैठक

## पुलिस ग्राउंड बैतूल में लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सभाकक्ष में सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, समस्त जिला नोडल अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक ली गई। बैठक में सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि 23 दिसम्बर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का जिले में आगमन होगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशों के परिपालन में पुलिस ग्राउंड बैतूल में विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा, जिसमें अलग-अलग विधा के 12 चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। सीएमएचओ डॉ हुरमाड़े ने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन के दिन जिला चिकित्सालय में अतिरिक्त चिकित्सा सेवाएं, ओटी की व्यवस्था, ट्रॉमा सेंटर में व्यवस्था, आईसीयू की व्यवस्था, पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था, आक्सीजन की उपलब्धता, दो रिजर्व प्रायवेट रूम की व्यवस्था एवं ब्लड की उपलब्धता रखना सुनिश्चित करें। आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए पांच एम्बुलेंस में मेडिकल स्पेशलिस्ट की ड्यूटी मय आवश्यक दवाईयों एवं उपकरणों सहित लगाए। कार्यालयीन कर्मचारियों को निर्देश दिए कि स्थापना शाखा, टीएल शाखा, पेंशन शाखा, जांच, शिकायत शाखाओं में पेंडिंग सभी शिकायतों का निराकरण कर ई-ऑफिस के माध्यम से कलेक्टर महोदय को जानकारी 16 दिसंबर 2025 की शाम तक अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने सिकल सेल नोडल अधिकारी, एनसीडी नोडल अधिकारी, आयुष्मान नोडल अधिकारी एवं समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने नोडल अधिकारियों को अपने कार्यक्रम अंतर्गत नवीन नवाचार करने एवं प्रदर्शनी स्वास्थ्य शिविर स्थल में लगाने के निर्देश दिये। जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि शिविर स्थल पर आयुर्वेदिक चिकित्सा काउंटर लगाकर कर सेवाएं दें।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में अलग-अलग मेडिसिन विशेषज्ञों, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत रोग चिकित्सक, नाक-कान गला रोग चिकित्सक, सामान्य मरीज, कैंसर रोग चिकित्सक, मानसिक रोग चिकित्सक, अस्थि रोग चिकित्सक एवं सामान्य मरीज के लिए पृथक काउंटर बनाए जाएंगे।

# कांट्रेक्टर एशोसिएशन की बैठक संपन्न

## प्लांट निर्माण में स्थानीय ठेकेदारों को मिले प्रथम रोजगार



**सारनी।** सतपुड़ा कांट्रेक्टर एशोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि पावर प्लांट निर्माण में स्थानीय ठेकेदारों को अपनी-अपनी क्षमता अनुसार कार्य मिले। इसके लिए सतपुड़ा कांट्रेक्टर एशोसिएशन की टीम भाजपा प्रदेशध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे से स्थानी ठेकेदारों को कार्य में पहली प्राथमिकता मिले इसके लिए चर्चा करेंगे और सतपुड़ा कांट्रेक्टर एशोसिएशन मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के एमडी मंजित सिंह और भेल के साईड इंचार्ज से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे। चर्चा में एक स्वर में उपस्थित ठेकेदारों ने कहा कि स्थानीय ठेकेदार बीते 40 सालों से पावर प्लांट में कार्य कर रहे हैं। पीएच एक की 312.5 क्षमता की 62.5 मेगावाट की पांच और 830 क्षमता की चार युनिट बंद होने से स्थानीय ठेकेदारों रोजी रोटी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। फरवरी-मार्च में 660 मेगावाट क्षमता की नवीन बिजली इकाई का निर्माण कार्य शुरु हो जाएंगा। उक्त निर्माण कार्य में सर्व प्रथम स्थानीय ठेकेदारों को काम मिले इसके बाद अन्य ठेकेदारों को कार्यो का विभाजन किया जाए। यदि भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमीटेड की वेंडर कंपनियां स्थानीय ठेकेदारों की रोजगार मूलक समस्याओं की अनदेखी करेंगी, तो उनके कार्यों में हर तरफ से बाधा उत्पन करने के साथ कार्य नहीं करने दिया जाएगा। गौरतलब रहे कि सतपुड़ा कांट्रेक्टर एशोसिएशन की बैठक में लिए गए निर्णय की प्रति मुख्यमंत्री मोहन यादव, उर्जा मंत्री प्रद्युम्मन सिंह तोमर, एमडी मंजित सिंह, क्षेत्रिय विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, कलेक्टर नरेंद्र, मुख्य अभियंता व्ही.के कैथवार, पुलिस अधिक्षक वीरेंद्र जैन भेल के साईड इंचार्ज एसके मिश्रा, थाना प्रभारी जयपाल इंवाती को प्रेषित की जायेगी।

# अवैध वसूली से गई युवक की जान, सरकार दे एक करोड़ रुपए का मुआवजा: निलय डागा

**बैतूल।** नेशनल हाइवे पर ससुंद्रा और उभारीया के बीच लंबे समय से चल रही अवैध वाहन वसूली को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल ने गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निलय विनोद डागा के नेतृत्व में ग्रामीणों और कांग्रेस जनों ने इस अवैध वसूली को एक आदिवासी युवक की मौत का सीधा कारण बताया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ससुंद्रा और उभारीया के बीच नेशनल हाइवे पर सडक़ किनारे आरटीओ लिखा वाहन खड़ा कर तथा अज्ञात लोगों द्वारा बेरिकेट लगाकर वाहन चालकों से अवैध रूप से वसूली की जा रही है। अचानक हाइवे पर बड़े वाहनों को रोके जाने से पीछे से आने वाले वाहन अनियंत्रित होकर टकरा जाते हैं, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसी अवैध वसूली और अव्यवस्थित रोक-टोक के कारण उभारीया निवासी आदिवासी युवक नवीन करोचे गंभीर रूप से घायल हुआ, जिसकी भोपाल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश और असंतोष का माहौल है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं सुनियोजित लापरवाही और अवैध वसूली का नतीजा है। उन्होंने कहा कि गरीब और आदिवासी परिवारों की जान की कोई कीमत नहीं समझी जा रही है, यह बेहद शर्मनाक है। निलय विनोद डागा ने मांग की कि चेक पोस्ट प्रभारी अनिमेश जैन एवं पंकज श्रीवास्तव तथा उनके अवैध रूप से नियुक्त निजी लोगों पर उभारीया निवासी नवीन करोचे की हत्या का मामला दर्ज किया जाए और उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए। साथ ही मृतक नवीन करोचे के आश्रित परिवार को सरकार द्वारा एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा के साथ मुलताई मंडलम अध्यक्ष ताकिउल हसन रिजवी, हर्षवर्धन धोटे, ब्लॉक अध्यक्ष मोनू बड़ोनिया, प्रीतेश गंगारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**Form No.IV**
{See Sub rule (2A) of rule 5}

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL AT JABALPUR**
2nd Floor & 3rd Floor Sanchar Vikash Bhavan (BSNL Building)
Near Head Post Office, Civil Lines, Jabalpur (MP) - 482001
OA NO. 271 OF 2024

**Punjab National Bank** ... **APPLICANT (s)**
**Versus**
**Shri Deepak Kumar Patil** ... **DEFENDANT (s)**

To,
**Shri Deepak Kumar Patil, Son of Shri Ramesh Patil**
Resident of Village- Durgwada, Tehsil -Amla, District-BETUL (M.P.).

Whereas **O.A. No 271/2024** was listed before Hon'ble Presiding Officer and this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said application under Section 19 (4) of the Act (OA) filed against you for recovery debts of **Rs.27,69,503.46 /-** In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the Defendants are directed as under :--

i. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.

ii. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application.

iii. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.

iv. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the tribunal.

v. you shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the written stated with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar **16.02.2026** on 10:30 A.M at failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Give under my hand and seal of the Tribunal on this the 06th day of November. 2025.

**Registrar**
**Debts Recovery Tribunal, Jabalpur**

### आरओबी निर्माण में नपेंगे भ्रष्ट अधिकारी और ठेकेदार, फर्म पर कसेगा शिकंजा

# सांसद नारोलिया ने राज्यसभा में उठाया ब्रिज के घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार का मामला

रेलवे ओवरब्रिज मामला अब राज्यसभा पहुंच गया है। जिसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्यवाही और नागरिकों को हो रही असुविधा से छुटकारे की उम्मीद लगाई जा सकती है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम-इटारसी हाइवे पर द पार्क के सामने बने ब्रिज का मामला राज्यसभा तक पहुंच गया है। मंगलवार को राज्यसभा में सांसद माया नारोलिया ने ब्रिज निर्माण में हुई गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार को पूरे देश के सामने रखा। सांसद श्रीमती नारोलिया ने न सिर्फ ब्रिज के व्यवस्थित पुनर्निर्माण की बात कही, बल्कि भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही एवं फर्म को ब्लैकलिस्ट करने तक की बात कही। संसद के समक्ष इस मामले के आने के बाद अब मामले से जुड़े भ्रष्ट अधिकारी और ठेकेदार फर्म की दिक्कत बढ़ेगी।

रेल ओवर ब्रिज पर घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार को लेकर चल रहे विवाद ने अब राष्ट्रीय स्तर पर तूल पकड़ लिया है। जहां एक ओर लंबे समय से अटके मरम्मत कार्य के लिए मशीनरी पहुंचने से स्थानीय व्यापारियों और आम जनता को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है, वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार के आरोपों ने रेलवे अधिकारियों पर कार्रवाई का दबाव बढ़ा दिया है। हालांकि सांसद श्रीमती नारोलिया ने राज्यसभा में स्पष्ट रूप से कहा कि ब्रिज की मरम्मत शुरू हो गई है लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार केवल सतही मरम्मत पर्याप्त नहीं है क्योंकि ब्रिज की नींव अब कमजोर हो चुकी है। जिस संरचना पर आवागमन जारी रहना असंख्य नागरिकों के जीवन को खतरे में डालने जैसा होगा। सांसद ने कहा कि मरम्मत कार्य पूर्णतः पारदर्शिता एवं स्वतंत्र निगरानी में करवाया जाए। साथ ही इसके लिए सख्त समय सीमा भी तय की जाए।

**अधिकारियों पर शिकंजा**

सांसद ने उन भ्रष्ट अधिकारियों को लपेटे में लिया जिनकी सह पर यह घटिया निर्माण संपन्न हुआ। इसके साथ ही वो अधिकारी जिन्होंने घटिया और भ्रष्टाचारी ठेकेदार फर्म को भुगतान किया, उनके घटिया कार्य को हरी झंडी दी, ऐसे सभी अधिकारियों पर भी सख्त से सख्त कार्यवाही हो।

**ठेकेदार पर हो कार्रवाई**

सांसद नारोलिया ने कहा कि यह जनता के पैसों का दुरुपयोग एवं स्पष्ट भ्रष्टाचार का मामला है। गुणवत्ताविहीन कार्य करके ठेकेदार ने शासन को करोड़ों रूपये की राजस्व हानि पहुंचाई है। सांसद ने कहा कि सरकार को संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर करके उसे हमेशा के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाए जिससे भविष्य में कोई कार्य न दिया जाए। साथ ही शासन को हुई राजस्व हानि की वसूली भी की जाए।

**जांच में मौन अधिकारी**

पिछले एक वर्ष से अधिक समय से ओवरब्रिज के घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की शिकायतें लगातार हो रही हैं। अखबारों ने भी इस मुद्दे को प्रमुखता से जनहित में उजागर किया है। बावजूद अभी तक ब्रिज की इस दयनीय हालत के लिए किसी भी अधिकारी को दोषी नहीं ठहराया गया है। राजनीतिक हस्तक्षेप और राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा उठने के बाद, अब यह देखना बाकी है कि रेलवे प्रशासन कब तक अपनी चुप्पी तोड़ता है।

**मरम्मत कार्य में तेजी**

पिछले कई दिनों से मरम्मत कार्य में हुई देरी के कारण इटारसी के व्यापारी और आम नागरिक गंभीर आवागमन समस्या झेल रहे थे।मरममत के बंद या धीमे काम के चलते लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। अब मरम्मत कार्य के लिए मशीनरी साइट पर पहुंचने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद है, जिससे जल्द ही आमजन और व्यापारियों को इस समस्या से राहत मिल सकेगी। अभी यहां से गुजरने वाले सैकडों लोग परेशान है।

**नेताओं ने डीआरएम से की मुलाकात**

स्थानीय स्तर पर भी इस मुद्दे पर राजनीतिक दबाव बढ़ गया है। मंगलवार को नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंडल रेल प्रबंधक से मुलाकात की। उन्होंने के सामने ब्रिज में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए दोषियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की। डीआरएम ने भी कांग्रेस कमेटी को निष्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया है।



## होर्डिंग स्कैमर के ठेकेदार पर मेहरबान नपा, पांच दिन बीते, कोई कार्रवाई नहीं

**धांधली उजागर होने के बाबजूद जारी है शहर में होर्डिंग्स की अवैध वसूली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

फॉलोअप

हरिभूमि द्वारा शुक्रवार के अंक में इटारसी के होर्डिंग्स टेंडर में धांधली और स्कैम की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशन के 5 दिन बाद भी ठेकेदार फर्म साईं राजा ट्रेडर्स पर अभी तक नगरपालिका प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है। दूसरी ओर उक्त ठेकेदार द्वारा शहर में लगातार होर्डिंग एवं पोल पर विज्ञापन लगाकर अवैध वसूली की जा रही है।

हरिभूमि की प्राथमिक जांच में ठेकेदार साईंराजा ट्रेडर्स की कथित कारगुजारियां उजागर हुई थी, तब तक नगरपालिका, पीड़ित और पूरे मामले से अनजान समझ आ रही थी, लेकिन धांधली सबके सामने आने के बाद अभी तक ठेकेदार फर्म पर कार्यवाही नहीं करने से अब नपा की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है?? मामले के बाहर के आने के बाद नपा द्वारा संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने की संभावना जताई जा रही थी, जिसमें नपा की ओर से बढ़े हुए टैक्स का नोटिस, राजस्व हानि की वसूली या फिर टेंडर निरस्ती जैसी कार्यवाही होना माना जा रहा था। लेकिन इसके विपरीत नपा की उदासीनता अब पूरे मामले किसी गुपचुप सांठगांठ की ओर इशारा कर रही है। क्या नपा के ही किसी अधिकारी और जनप्रतिनिधि की सह पर ठेकेदार फर्म इतने बड़े पैमाने पर स्कैम करने की ओर अग्रसर थी?? और तो और हरिभूमि ने जब इटारसी की जनता के सामने पूरा स्कैम खोलकर रख दिया बाबजूद इसके भी ठेकेदार धड़ल्ले से पूरे शहर भर में नये होर्डिंग्स और पोल होर्डिंग्स विज्ञापन लेकर काम कर रहे है और अवैध वसूली किए जा रहे हैं??

इनका कहना है ...

होर्डिंग्स टेंडर प्रक्रिया शुरुआत से ही न्यायसंगत नहीं हुई है। टेंडर में तीन फर्मों को मामूली कारण बताकर टेंडर प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। अब पूरा होर्डिंग्स स्कैम एक्सपोज़ हो गया है तब नपा ठेकेदार पर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है। हमने एसोसिएशन के साथ मिलकर मामले की शिकायत की है। पूरा प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन धरना आंदोलन करेगा। **सजल गुप्ता,** अध्यक्ष प्रिंटिंग प्रेस एसोसिएशन इटारसी

मामले में हमने साईंराजा ट्रेडर्स से राशि वसूलने के निर्देश दिए हैं। आगे जो भी नियम अनुरूप होगा वह किया जाएगा। **पंकज चौरे,** नपाध्यक्ष इटारसी

## रेनबो स्कूल का 'पंचतत्व' वार्षिक उत्सवः 188 बच्चों ने मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

न्यास कॉलोनी स्थित रेनबो स्कूल में मंगलवार को आयोजित वार्षिक उत्सव ने उपस्थित अभिभावकों और शहर के गणमान्य नागरिकों का मन मोह लिया। लगभग 188 नन्हे-मुन्ने सितारों ने एक साथ स्टेज पर अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं।

**इस वर्ष की थीमः प्रकृति के पंचतत्व**

इस वर्ष वार्षिक उत्सव की थीम 'प्रकृति के पंचतत्व' पर आधारित रही, जिसने दर्शकों को एक गहरा संदेश दिया। बच्चों ने क्रमशः जल, वायु, आकाश, पृथ्वी और अग्नि तत्वों पर आधारित प्रस्तुतियां देकर उनके महत्व को बड़ी सुंदरता से समझाया। जल पर भावपूर्ण नृत्य वायु की महत्ता दर्शाती प्रस्तुति पृथ्वी से जुड़ाव, अग्नि की ऊर्जा का प्रदर्शन, आकाश की विशालता आदि को दर्शाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका इटारसी अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, और जैन समाज समिति के पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली अभिभावक, शहर के गणमान्य नागरिक और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा को सराहा और उन्हें प्रोत्साहित किया।

## नपा के 'वसूली किंग' सम्मानित, अध्यक्ष ने कहा, आपकी मेहनत से चमकेगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर पालिका परिषद इटारसी में राजस्व वसूली के काम को 'मिशन मोड' में अंजाम देने वाले नपा के मोहर्रिर मंगलवार को परिषद के हीरो बन गए। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और परिषद सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मोहर्रिरों को सम्मानित किया, जिनकी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत नपा के खजाने में बड़ी बढ़ोतरी हुई है।

**मोहर्रिरों का सम्मान, विकास को स्पीडः** सम्मान समारोह के दौरान मोहर्रिरों के सतत प्रयासों की जमकर सराहना की गई और उन्हें शहर के विकास में महत्वपूर्ण सहयोगी बताया गया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि मुख्य रूप से अधिकारी ऋतु मेहरा के नेतृत्व में हाल ही में लोक अदालत के माध्यम से जो प्रभावी राजस्व वसूली की गई है, वह सराहनीय है। उन्होंने जोर देकर कहा, आपकी इस मेहनत से नगर पालिका की आय में वृद्धि हुई है, जिसका सीधा लाभ शहर के विकास कार्यों में तेजी के रूप में देखने को मिलेगा।

**आपकी मेहनत, शहर का विकासः** राजस्व सभापति अम्रता मनीष ठाकुर ने सभी मोहर्रिरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे नियमित रूप से अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ राजस्व वसूली कार्य में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा, आपकी मेहनत से प्राप्त यह राजस्व ही नगर के विभिन्न विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेगा। आप सब नपा की आय के रीढ़ हैं। इस सम्मान कार्यक्रम में सभापति कल्पेश अग्रवाल, राकेश जाधव, नतीजा बेगम, राजकुमार यादव सहित अन्य पार्षद उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने मोहर्रिरों के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## विधायक की दी चेतावनी के बाद एक्शन में पुलिस बाजार में चाइनीज मांझा के विक्रेताओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इटारसी के बाजारों में चाइना मांझा की अवैध और खुली बिक्री पर आखिरकार प्रशासन की गहरी नींद टूटी है। ओवरब्रिज पर हाल ही में हुए एक भीषण हादसे, जिसमें एक युवक की उंगलियां कट गईं और गर्दन पर गहरा घाव आया, के बाद स्थानीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने पुलिस और प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

**विधायक का जीरो टॉलरेंस निर्देश :**

घातक चाइनीज मांझे से हो रही लगातार दुर्घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए, विधायक डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया है कि अब इस जानलेवा व्यापार के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

**तत्काल सीलिंग और एफआई आरः**

उन्होंने एसडीएम और पुलिस विभाग को तत्काल प्रभाव से चाइनीस मांझा बेचने वाले सभी दुकानदारों की दुकानों को सील करने और उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई दर्ज करने का आदेश दिया है।

**स्त्रोत पर रोकः**

विधायक ने पुलिस को यह भी निर्देश दिया है कि मांझे की सप्लाई चेन को चिह्नित किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि यह जहर शहर में प्रवेश न कर पाए।

**पुलिस ने शुरू की तलाशी, मगर हाथ खालीः**

विधायक के कड़े रुख के तुरंत बाद, पुलिस विभाग हरकत में आया है। पुलिस टीमों ने आज दोपहर पटवा लाइन सहित शहर की अन्य पतंग दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाया। हालांकि, शुरूआती सर्च ऑपरेशन में पुलिस को मौके से चाइनीज मांझा बरामद नहीं हुआ।यह तथ्य कि दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन मांझा दुकानों पर नहीं मिल रहा, यह दर्शाता है कि यह अवैध व्यापार चोरी-छिपे या अन्य गुप्त माध्यमों से फल-फूल रहा है। विधायक के दबाव के बाद, अब यह उम्मीद की जा रही है कि इटारसी प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहकर, इस जानलेवा मांझे की बिक्री पर पूर्ण और प्रभावी रूप से रोक लगाएगा, जिससे आम नागरिकों की जान सुरक्षित रह सके।

## विजय दिवस पर रेलवे मजदूर संघ की पद यात्रा आज, एक वर्ष पूरे होने पर कर्मचारियों का आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ मुख्य शाखा, इटारसी, मुख्यालय एवं मंडल के निर्देशानुसार मनाए जा रहे विजय दिवस 12 से 18 दिसंबर के उपलक्ष्य में एक पद यात्रा और जनसंपर्क अभियान आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यक्रम संगठन को मान्यता मिले एक वर्ष पूरे होने की खुशी में भी रखा गया है।

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की मुख्य शाखा द्वारा यह कार्यक्रम जोनल महामंत्री अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में तथा आरके शर्मा, कमलेश परिहार, कार्यकारी अध्यक्ष नितिन परमार और मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम अनुसार आज 17 दिसंबर को सुबह 8 बजे नयायार्ड बिजली ऑफिस से स्टेशन परिसर पदयात्रा आयेगी।

पद यात्रा के दौरान मुख्य शाखा के सभी पदाधिकारी और युवा साथी विभिन्न डिपो और कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य संगठन को भविष्य में और अधिक सहयोग सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों से निवेदन करना है।

संगठन के सदस्य बिजली ऑफिस नया यार्ड, रेलवे चिकित्सालय, चीफ यार्ड मास्टर आफिस, आरआरआई केबिन, बुकिंग ऑफिस, पार्सल ऑफिस, आरक्षण कार्यालय, स्टेशन परिचालन, माल गोदाम, 12 बंगला, ईटीएल ऑफिस में कर्मचारियों से मिलकर उन्हें संगठन का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर आभार व्यक्त किया जाएगा, साथ ही मान्यता के चुनाव में एक वर्ष पूर्ण होने पर बधाई भी प्रेषित की जाएगी।

मुख्य शाखा ने समस्त पदाधिकारियों, युवा साथियों और कर्मचारियों से इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का निवेदन किया है।

## तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष के चुनाव, 25 तक आपत्ति मंगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वेस्ट मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा भोपाल के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के संबंध में मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी की उपस्थिति में प्रदेश संगठन की ओर से प्रदत्त प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय में कर दिया गया है, जिस पर 25 दिसंबर तक आपत्ति आमंत्रित की गई है।

तैलिक सभा के सदस्य /मतदातागण द्वारा नगरनिगम फ्लैट सी/307 12 नंबर बस स्टॉप पर प्रदेश कार्यालय भोपाल में दोपहर 2 से 4 प्रतिदिन कार्यालय सचिव शिव प्रसाद साहू से संपर्क कर मतदाता सूची का अवलोकन किया जा सकता है एवं उस पर लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

आपत्तियों के निराकरण के उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जिस पर आगामी 11 जनवरी 26 को सलकनपुर जिला सीहोर में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव होंगे।

## मुस्लिम समाज ने किया जश्ने गरीब नवाज चादर शरीफ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर मुस्लिम समाज द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जश्ने गरीब नवाज बड़ी शान शौकत से मनाया गया। जिसमें हिंदुस्तान के मशहूर पंकर मुराद आतिश आए।

मुराद आतिश ने शहर के किलापुरा वार्ड क्षेत्र में शानदार कव्वाली प्रोग्राम प्रस्तुत किया। जिसके बाद अगले दिन शहर में चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया। चादर शरीफ को जुलूस के बाद अजमेर शरीफ भेजा गया है।

कार्यक्रम में चादर कमेटी अध्यक्ष अबरार हुसैन, मुस्लिम त्योहार कमेटी मेंबरान तथा किलापुरा वार्डवासी उपस्थित रहे। अजमेर शरीफ के सामने हिंदुस्तान में अमन चैन की दुआ की गई।

### एक कार में मारी दूसरी कार ने टक्कर

सोहागपुर। फरियादी आदाब खान पिता हनीफ खान 30 वर्ष निवासी अंबेडकर वार्ड सोहागपुर ने इस आशय की प्राथमिकी पुलिस में दर्ज कराई है। फरियादी आदाब खान ने सफेद रंग की आई-10 कार क्रमांक एमपी 05 जेडडी 0927 के चालक के खिलाफ दर्ज कराई है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि फरियादी अपने परिजनों सहित गत रात्रि में अपनी आई-20 कार क्रमांक एमपी 05 एमए 8888 से परिजनों को लेने रेलवे स्टेशन सोहागपुर गया था। परिवार के साथ फरियादी अपनी कार से घर वापस आ रहा था, तब गरिमा किराना स्टोर के सामने पिपरिया की ओर से आती कार क्रमांक एमपी 05 जेडडी 0927 के चालक के द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए फरियादी की कार में टक्कर मार दी।

**जाहिर आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी के समक्ष शशांक जैन आत्मज सतीश जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र शहर इटारसी प.ह.न. 9/13 स्कीम नं. 01 प्लाट नं. एचआईजी-14 रकवा 2400 वर्गफुट जिसके पूर्व में- एमआईजी प्लाट, पश्चिम में- रास्ता ,उत्तर में- प्लाट नं. एचआईजी-15, दक्षिण में- प्लाट नं. एचआईजी-13 जो पुराना वार्ड नं. 12 नया वार्ड नं. 15 नगर सुधार न्यास कॉलोनी, माता मंदिर रोड इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म.प्र. में स्थित है। जिसे अनुबंध के आधार पर गीता असनानी पत्नि राजेंद्र असनानी द्वारा पंजीकृत बैनामा निष्पादित कराने के उपरांत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति की विक्रय पत्र की लिंक सेलडीड/लीजडीड दिनांक 25/09/1992 पुस्त क्रमांक ए-1 ग्रंथ कमांक 181 पृष्ठ क्रमांक 66-75 दस्तावेज क्रमांक 642 जो विक्रेता नगर सुधार न्यास इटारसी ने क्रेता महेश नवलानी आत्मज रामू नवलानी को निष्पादित की थी उक्त लिंक सेलडीड / लीजडीड स्वामी/अनुबंधकर्ता से गुम गये है जिसकी प्रथम सूचना प्रतिवेदन अनुबंधकर्ता द्वारा दर्ज करा दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति/लिंक सेलडीड/लीजडीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं लिंक सेलडीड/लीजडीड की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **एन. के साहू** अधिवक्ता
निधि चौहान अधिवक्ता
सेन्ट्रल बैंक के सामने, इटारसी
मो. नं. 9425040080

## कॉलेज चलो अभियान के तहत किया जा रहा स्कूलों का विजिट



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में प्राचार्य डॉक्टर नीता राजपूत के संरक्षण एवं प्रभारी शकामधेनु पटोदिया के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की ओर से डॉ वेद प्रकाश भारद्वाज एवं डॉ सौरभ तिवारी भारद्वाज ने एकलव्य आवासीय विद्यालय भरगदा का विजिट किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ वेद प्रकाश भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, नवीन शिक्षा नीति, वर्चुअल क्लासेज, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ सौरभ तिवारी ने शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं तथा ई प्रवेश से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई।

इस अवसर पर एकलव्य विद्यालय के कपिल राय, टीएन सिंह, मुरारी शाह, अमित अभिषेक एवं समस्त विद्यालय स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अभा महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता आयोजित

## साई बरेली, अमर ज्योति इटारसी और भोपाल ने दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन कुल तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को आखिरी क्षण तक रोमांचित रखा। दिन का अंतिम मैच सडन डेथ तक चला।

**पहला मैचः** दिन का पहला मुकाबला साई हॉस्टल बरेली और सूफियाना अमरावती के बीच खेला गया, जिसमें साई बरेली ने 3-1 से जीत दर्ज की। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाईं। दूसरे क्वार्टर में अमरावती ने पहला गोल दागकर 1-0 की बढ़त ले ली। तीसरे क्वार्टर में अमरावती के गोलकीपर ने पेनाल्टी स्ट्रोक पर शानदार बचाव किया,1लेकिन इसके बाद बरेली के कप्तान जितिन राजपूत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे। अंतिम क्वार्टर में अमरावती के कासिफ ने एक गोल किया, लेकिन बरेली ने 3-1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। निर्णायक सुनील गुप्ता बीकानेर, सोमन गुप्ता वाराणसी रहे।

**दूसरा मैचः** दूसरे मुकाबले में स्थानीय टीम अमर ज्योति इटारसी ने नरसिंहपुर एकेडमी के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और 8-2 से शानदार जीत हासिल की। इटारसी की ओर से मयंक जेम्स ने दो, ज्ञानसर ने एक और शॉन गिडियन ने चौथा गोल कर टीम को 4-0 की मजबूत बढ़त दिलाई। नरसिंहपुर के विशाल ने एक गोल किया, लेकिन इटारसी के कुणाल ने पांचवां गोल कर दिया। दूसरे हाफ में भी इटारसी का दबदबा जारी रहा। अंत में शॉन गिडियन और मयंक जेम्स ने फिर गोल कर अपनी टीम को 8-2 से बड़ी जीत दिलाई।

**तीसरा मैच :** दिन का तीसरा और अंतिम मुकाबला सीपीएमजी भोपाल और डीएचए इंदौर के बीच अत्यंत रोमांचक रहा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिसके चलते मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में भी बराबरी रहने पर मुकाबला सडन डेथ प्रणाली तक पहुंचा, जहां भोपाल ने जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया।

पूरे दिन मैचों के सफल संचालन में दीप सिंग ठाकुर, जय सिंह भदौरिया, शेख नियाज, अश्विनी मालवीय, अमित श्रीवास, राकेश रैकवार और पवन कुमार ने सहयोग किया।

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का प्रिंस राठौर ने किया स्वागत

सीहोर। भारतीय जानता युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री प्रिंस राठौर ने अपने साथियों के साथ भोपाल प्रदेश कार्यालय पहुँच कर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर जी का आत्मीय स्वागत कर शुभकामनाएँ प्रेषित की वर्तमान मे प्रिंस युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री के पद पर है और जिले एवं शहर की राजनीति मैं काफ़ी लंबे समय से सक्रिय है स्वागत करने मैं साथ ही निलेश राठौड़ हर्ष राजपूत सुरेंद्र सोनी अर्पण सोनी अन्य साथी साथ थे।

**आमसूचना**

मैं कविता दाहिया (मेहरा) उम्र 37 साल पुत्री श्री भैयालाल मेहरा पत्नी स्व. श्री अरविन्द दाहिया निवासी वार्ड क्र. 08 सुदामा नगर इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्वदापुरम म.प्र. । मैं कथन करती हूँ कि मैं सभी प्रयोजनों के लिए अपना नाम बदलकर "कविता मेहरा" कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी अधिकारी सुनील भोजने के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने सहायक जिला आबकारी अधिकारी एएस बघेल व डीएस चौहान के नेतृत्व में सोमवार को हरदा के टंकी मोहल्ला व पीलियाखाल, नीमसराय, चौकड़ी, पाहनपाट, धनवाड़ा बारंगा, हिवाला में दबिश देकर 17 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 5 पाव देशी मदिरा प्लेन, 15 पाव देशी मसाला तथा 740 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 8 प्रकरण दर्ज किए।

### जल निगम के अधिकारियों ने जब्त किए अवैध मोटर पंप

**सीहोर।** जल निगम के अधिकारियों द्वारा मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत भैरूंदा जनपद के ग्राम मांगरोल, ग्राम पंचायत टीकामोड अवैध मोटर पंप जब्ती की कार्यवाही की गई। ग्राम मांगरोल में कुछ उपभोक्तओं द्वारा अवैध मोटर पंप का उपयोग करके पानी लिया जा रहा था। इसके साथ ही गांव में अवैध रूप से पेयजल पाइपलाइन में छेद करके कनेक्शन कर लिए गए थे, जिससे ग्राम की जलप्रदाय व्यवस्था बाधित हो रही थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए मोटर पम्प की जब्ती की गई है। विभाग के अधिकारियों ने बताया इस प्रकार की कार्रवाहियां निरंतर जारी हैं, ताकि परियोजना के सभी गांवों में सुचारू रूप से जलप्रदाय किया जा सके।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र आईडी अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आईडी होना अनिवार्य किया गया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन क्रमशः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछडे.वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछडे.वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है।

### 5 रुपए में नवीन विद्युत कनेक्शन

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

---

मामला बिंजलवाड़ा परियोजना की 132 केवी विद्युत लाइन का

# प्रशासनिक मान मनौव्वल का भी अपेक्षित असर नहीं, 21 में से 9 किसान ही माने

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झिरन्या



बिंजलवाड़ा परियोजना के विद्धुतीकरण मामले में अंततः प्रशासनिक मान मनौव्वल का भी अपेक्षित असर नहीं हुआ। जबकि एक सप्ताह की जद्दोजहद के बाद 21 में से 9 अन्नदाताओं के तेवर नरम पड़े हैं, वहीं 12 किसान अभी भी लाखों रुपयों की क्षतिपूर्ति की मांग पर अड़े हुए हैं।

नर्मदा घाटी विकास विभाग, जीवीपीआर इंजीनियरिंग हैदराबाद और राष्ट्रीय किसान महासंघ के श्यामसिंह पंवार प्रतिनिधि मंडल को मिली असफलता के बाद कलेक्टर भव्या मित्तल ने उक्त कमान संभाल ली है। उन्होंने बड़वाह एसडीएम सत्यनारायण धर्रो को जिम्मेदारी सौंपी है। वे पुलिस-बल के साथ पिछले दिनों ग्राम बगदा बुजुर्ग, बगदा खुर्द और गोराड़िया क्षेत्र में पहुंचे थे। इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रवीण, नर्मदा घाटी विकास के एसडीओ हजारे, जीवीपीआर के महाप्रबंधक बिलपोस एमसी, परियोजना प्रबंधक रघु कारमीला, यू.वेंकट और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। इसके बाद एसडीएम द्वारा किसानों को कार्यालय में आहूत कर निरंतर चर्चा की जा रही है।

माना जा रहा था कि प्रशासनिक-मान मनौव्वल से सभी 21 अन्नदाता मान जायेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। इनमें से 9 किसानों की सहमति दी है। इनमें मोहन गोराडिया, जितेन्द्र-कडवा, बेनीराम, महेश, श्रीचंद कानवा, गणपत-सालकराम गुर्जर, रूपनारायण-केसरीलाल, गोपाल कानूनगो, अनूपचंद आदि हैं। विभागीय कार्यपालन यंत्री सीबी टटवाल ने बताया कि अन्य 12 किसानों की भी सहमति के प्रयास किए जा रहे हैं। फलस्वरूप 132 केवी लाइन में तार कसे जाकर विद्धुत प्रदाय शुरू किया जा सकेगा।

अधीक्षण यंत्री डीआर आकरे ने बताया कि अहीर खेड़ा से पम्प हाउस क्रमांक 2 नलवा तक 30 किमी विद्धुत लाइन में 99 टावर स्थापित कर दिए गए हैं। इनमें से 27.5 किमी में तार लगा दिए गए हैं और बगदा बुजुर्ग से नलवा तक 2.5 किमी तार लगाने का उक्त किसान विरोध कर रहे हैं। इंदिरा सागर परियोजना के मुख्य अभियंता सीएल आरख ने बताया की विद्धुतीकरण होने पर 65 गांवों की 19252.2 हेक्टर भूमि में इस रबी-फसलें सिंचित हो सकेगी। जिला प्रशासन के साथ ही विभागीय अधिकारी भी निरंतर प्रयासरत हैं।

---

# जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को किया जब्त



**रहटगांव।** जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने मंगलवार को सख्त कार्रवाई की। कलेक्टर के निर्देश पर गठित एक दल ने मंगलवार सुबह रहटगांव क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया। यह कार्रवाई कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशों पर की गई। टिमरनी एसडीएम और राजस्व दल के साथ जिले के 9 पुलिसकर्मियों का दल गठित किया गया था। मीडिया के माध्यम से लगातार अवैध उत्खनन की सूचनाएं मिलने के बाद इस दल ने मंगलवार अल सुबह लगभग 4 बजे रहटगांव की अजनाल नदी क्षेत्र में छापा मारा। छापेमारी के दौरान बजरी का अवैध उत्खनन और परिवहन करते हुए एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मौके से जब्त की गईं। हालांकि, कुछ अन्य वाहन अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहे। एसडीएम संजीव कुमार नागू के नेतृत्व में गठित दल ने जब्त किए गए वाहनों को रहटगांव थाना परिसर में खड़ा कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। यह उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा गठित इस दल में रहटगांव का स्थानीय प्रशासन शामिल नहीं था, और उन्हें इस कार्रवाई की भनक तक नहीं लगी, जबकि अवैध खनन थाना परिसर से कुछ ही दूरी पर हो रहा था। जब्त किए गए वाहनों में जेसीबी मशीन, जॉन डियर कंपनी का ट्रैक्टर-ट्रॉली और स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर-ट्रॉली शामिल हैं।

---

कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों की बैठक ली

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान आज से



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 17 दिसम्बर से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण प्रारम्भ किया जा रहा है। पशुपालन विभाग का अमला 17 दिसम्बर से उन पशुपालकों के घर पर जाकर सम्पर्क करेगा, जिनके घर पर 5 से लेकर 9 पशु उपलब्ध है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के तहत अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुपालकों से सम्पर्क होने के बाद उसी दिन प्रविष्टि पोर्टल पर करें ताकि पोर्टल पर डाटा प्रतिदिन परिलक्षित हो सके।

बैठक में बताया गया कि दुग्ध समृद्धि अभियान का प्रथम चरण 2 से 9 अक्टूबर तक चलाया गया था। इस दौरान 120 कार्यकर्ताओं द्वारा 3687 ऐसे पशुपालक जिनके पास 10 से अधिक पशु थे, के घर-घर जाकर सम्पर्क किया गया था। अभियान के द्वितीय चरण में ऐसे पशु पालकों से सम्पर्क किया जाएगा, जिनके पास 5 से लेकर 9 पशु है।

यह अभियान 17 से 31 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत 512 ग्रामों/वार्डों में निवासरत 8696 पशुपालकों से घर-घर जाकर सम्पर्क किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि एक कार्यकर्ता एक दिन में 5 से 8 पशुपालकों से सम्पर्क करेगा और उसे पशु स्वास्थ्य, पशु पोषण, पशु रखरखाव और नस्ल सुधार की जानकारी देगा। साथ ही यदि पशुपालक मोबाइल रखता है तो शासन द्वारा बनाई गई रील भी पशुपालक के मोबाइल में अंतरित करेगा।

---

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम भरतान निवासी नरसिंह ठाकुर ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर नाकेदार व चौकीदार के लोगों द्वारा मारपीट के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होने तहसीलदार हंडिया को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम पलासनेर निवासी सुमित्रा बिले ने अपनी कृषि भूमि पर दी गई खोट की राशि दिलाने की मांग की, जिस पर तहसीलदार हरदा को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। अजनास रैयत गीताबाई ने अपनी कृषि भूमि का कब्जा दिलाने की मांग की, जिस पर तहसीलदार हंडिया को मामले की जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम बमनई निवासी कमला बाई जाट ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर सोयाबीन फसल की राहत राशि प्रदाय करने की मांग की, जिस पर उन्होंने तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

---

कड़ाके की ठंड, पारा 5 डिग्री पर पहुंचा

# कोहरे से विजिबिलिटी 10 मीटर पर आई, मावठे के आसार और गिरेगा तापमान

**सीहोर।** जिले में सोमवार को कड़ाके की ठंड रही। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी (दृश्यता) घटकर महज 10 मीटर रह गई। जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों से रात का पारा लगातार 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है।



### पहाड़ों पर बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। वहां से आ रही सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में तापमान गिर रहा है। उन्होंने मावठे (शीतकालीन वर्षा) की संभावना भी जताई है। बारिश के बाद तापमान में और गिरावट आ सकती है।

### 15 दिन में दूसरी बार 5 डिग्री पर आया पारा

जिले में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। 1 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री था, जो 15 दिसंबर को घटकर 5 डिग्री पर आ गया। इससे पहले 11 दिसंबर को भी पारा 5 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं, 6 और 7 दिसंबर को तापमान 5.3 डिग्री रहा था। लगातार गिरते तापमान ने लोगों की धूजणी छुड़ा दी है।

---

# भागवत कथा में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया



**रहटगांव।** नगर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में भक्तों को पं सुनील शर्मा द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई। जिसमें श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज ने कहा परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन किया।

पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं, ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीझह्लमां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं। कथा में नगर के भागवत प्रवक्ता पं. नीरज महाराज भी आए उन्होने कम समय के संबोधन में कहा कि कलियुग में तप कठिनता से होगा। पर जप सरलता से होगा। हम जप से जुड़े रहे गोपियो ने बृजवासियो ने भगवान को कठिन तप से नही श्री कृष्ण शरणम के जप से प्राप्त किया।

---

# 60 छात्र और छात्राओं को कराया औद्योगिक भ्रमण



**रहटगांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहटगांव के आईटी एवं हेल्थ केयर संकाय के कक्षा 9 से 12 के 60 छात्र छात्राओं को एलबीएस कॉलेज हरदा में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। जिसमें आईटी एवं हेल्थ केयर के छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर लैब एवं साइंस लैब प्रयोगशाला एवं कॉलेज के सभी विभागों में भ्रमण कराया गया। इसमें सभी बच्चों ने सभी संकाय से जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के प्रचार्य एवं सभी स्टाफ ने छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। विद्यालय से शिक्षक प्रदीप शर्मा एवं शिक्षिका योगिता तंवर, समीक्षा गौर छात्र-छात्राओं को कॉलेज का भ्रमण कराया गया।

### सुबह बाल विहार मैदान रोड पर लग रहा जाम

**सीहोर।** बाल विहार मैदान के पास वाली सड़क पर हर सुबह जाम लगने लगा है। मजदूर वर्ग के लोग यहां सुबह जमा होते हैं। निर्माण कार्यों के लिए लोग इन्हें लेने आते हैं। मजदूरी तय करने का काम सड़क पर ही होता है। इससे रास्ता बंद हो जाता है। वाहन चालकों को निकलना मुश्किल हो जाता है। लोग बाइक और चार पहिया वाहन भी सड़क पर खड़े कर देते हैं। इससे जाम और बढ़ जाता है। यातायात पुलिस ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

---

# 4 जुआरी गिरफ्तार, देहरी के जंगल से 7390 रुपए और 3 बाइक जब्त

**सीहोर।** पुलिस ने अवैध जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अहमदपुर थाना क्षेत्र के देहरी के जंगल पारुआ के पास की गई, जहां से पुलिस ने 7390 रुपए नकद और तीन मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।



पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी अहमदपुर हेमंत पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बरखेड़ा हसन में देहरी के जंगल पारुआ के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपयों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से सुमित शर्मा (32), अनिल लोधी (26), हेमसिंह (38) और अनिल गुर्जर (22) को जुआ खेलते हुए पकड़ा। ये सभी ग्राम बरखेड़ा हसन के निवासी हैं। पुलिस टीम ने जुआरियों के पास से कुल 7390 रुपए नकद और लगभग 85000 रुपए कीमत की तीन मोटरसाइकिलें जब्त कीं। जब्त किए गए कुल सामान की कीमत 92390 रुपए बताई गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

---

गोवर्धन महाराज का पूजन कर अर्पण किया छप्पन भोग

# 'प्रकृति संरक्षण व संवर्धन की शिक्षा देती है गोवर्धन पूजन'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

पीपल्या के नूतन राधा कृष्ण मंदिर गौर समाज मांगलिक भवन परिसर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को पंचम दिवस श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनाई गई।

इस अवसर पर श्री गोवर्धन महाराज को छप्पन भोग लगा कर श्री गिरिराज प्रभु का पूजन किया गया। नर्मदापुरम से आए कथा व्यास पंडित तरुण तिवारी महाराज ने पूतना वध की कथा को सुनाया और बताया की पूतना साक्षात अविद्या है। माया का स्वरूप है, और माया तभी तक टिकती है, जब तक जीव प्रभु के सामने नहीं आ जाता एक बार प्रभु के समीप आने पर सारी माया छूट जाती है।

व्यास जी ने वृंदावन के सुंदर स्वरूप का वर्णन किया कि वह वृंदावन धाम धन्य है। जहां पर भक्ति नित्य विचरण करती है और भक्तों को परम पद प्रदान करने वाली है ब्रज भूमि है। महाराज जी ने बताया कि भगवान ने किस प्रकार से यमुना को दूषित कर रहे कालिया नाग का मर्दन किया, आज हमारे समाज में भी बहुत से ऐसे कालिया बैठे हुए हैं। जो नदियों को गंदा कर रहे हैं पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। हमें भी भगवान श्री कृष्ण की भांति उनका मर्दन कर देना चाहिए और समस्त समाज को मिलकर नदियों को शुद्ध करना चाहिए उन्हें पवित्र बनाना चाहिए एवं हर प्रकार से प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से वनस्पति हमारे जीवन के लिए उपयोगी है। यह बताओ जब प्रकृति ही नहीं रहेगी तो श्वास कहां से लोगे। जीवन कैसे संभव हो पाएगा इस प्रकार से अनेकानेक उदाहरण देकर के प्रकृति संरक्षण व संवर्धन की बात कही। कल कथा के प्रसंग में भगवान के महारास की लीला, एवं द्वारकाधीश भगवान का श्री रुक्मणी के साथ पानी ग्रहण तक की कथा सुनाई जाएगी। कथा आयोजक कुसुम पतिराम गौर पटेल परिवार द्वारा धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण करने पधारने का आग्रह किया जा रहा है।



